आज समाज
नई दिल्ली, बुधवार, 01 फरवरी 2023

## खबर एक्सप्रेस

# सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रदर्शनी लगाई



**बल्लभगढ़।** प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में सिलाई, कढ़ाई और परिधान डिजाइन प्रशिक्षण केंद्र, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा मंगलवार को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं में कौशल विकास और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पिछले वर्ष सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया गया था। यह वर्धमान महावीर सेवा सोसाइटी, सेवा भारती फरीदाबाद ट्रस्ट और सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का एक संयुक्त उद्यम है। इस केंद्र को खोलने का उद्देश्य महाविद्यालय के समय में छात्राओं को कौशल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्राओं को इस कौशल को हासिल करने के लिए प्रेरित किया जो उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने और उन्हें अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वास बढाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि लड़कियों को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने से हमारे समाज में सदियों पुराने लैंगिक पूर्वाग्रहों को समाप्त करने में मदद मिलेगी।